Building Better Tomorrow

# बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना

( बिहार सरकार का एक उपक्रम )

राजापुर पुल, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना- 800001

## ꧁ कार्यालय आदेश ꧂

संख्या –BUIDCO/PMU (ADB Project) Yo-94/15 (II)–........40..........., दिनांक ....11/4/2022

ए0डी0बी0 परियोजना अन्तर्गत योजनाओं के ऋण अवधि पूर्ण होने के संदर्भ में बुडको द्वारा निर्गत कार्यालय आदेश सं0–34 सहपठित ज्ञापांक–926 दिनांक–31.03.2022 के क्रम में भागलपुर जलापूर्ति परियोजना फेज–I, गया जलापूर्ति परियोजना फेज–I एवं II तथा भागलपुर जलापूर्ति परियोजना–II के लिए मुख्यालय स्तर पर श्री रत्नेश कुमार रमण, अधीक्षण अभियंता, नगर विकास अंचल–2, पटना प्रमंडल (पटना बाहरी क्षेत्र) को नोडल पदाधिकारी नामित गया है।

श्री रत्नेश कुमार रमण, अधीक्षण अभियंता, नगर विकास अंचल–2, पटना प्रमंडल (पटना बाहरी क्षेत्र)–सह–नोडल पदाधिकारी द्वारा पत्रांक–205 दिनांक–31.03.2022 एवं नोडल पदाधिकारी, ए0डी0बी0 का पत्रांक–98 दिनांक–04.04.2022 द्वारा किये गये अनुरोध के आलोक में बुडको मुख्यालय स्तर पर उक्त परियोजनाओं के लिए श्री अभय कुमार पाण्डेय, सहायक अभियंता (असैनिक), श्री मधुकान्त कुमार, कार्यालय कार्यपालक तथा श्री नीरज कुमार, आई0टी0 ब्वॉय को उन्हें वर्तमान में आवंटित कार्यों के अतिरिक्त सम्बद्ध किया जाता है।

श्री अभय कुमार पाण्डेय, सहायक अभियंता को मुख्यालय स्तर पर उक्त परियोजनाओं से संबंधित PMC & DSC के सभी उपस्करों, संचिकाओं एवं अन्य प्रभार अविलंब प्राप्त करने हेतु प्राधिकृत किया जाता है। श्री पाण्डेय को निदेश दिया जाता है कि प्राप्त किये गये उपस्करों की नियमानुसार बुडको मुख्यालय के भण्डार पंजी में प्रविष्टि कराना सुनिश्चित करायेंगे।

कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमंडल–1, गया एवं कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमंडल–1, भागलपुर को उक्त परियोजनाओं से संबंधित जिला स्तर पर PIU & DSC के सभी उपस्करों, संचिकाओं एवं अन्य प्रभार अविलंब प्राप्त करने हेतु प्राधिकृत किया जाता है। कार्यपालक अभियंता, भागलपुर एवं गया सभी उपस्करों, संचिकाओं एवं अन्य प्रभार अविलंब प्राप्त कर पूर्ण विवरणी सहित प्रतिवेदन श्री रत्नेश कुमार रमण, अधीक्षण अभियंता–सह–नोडल पदाधिकारी को भेजना सुनिश्चित करेंगे। नोडल पदाधिकारी द्वारा मुख्यालय एवं जिला स्तर पर प्राप्त उपस्करों, संचिकाओं आदि की समेकित विवरणी तैयार कर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

इस संदर्भ में पूर्व में निर्गत सभी आदेश को इस हद तक संशोधित किया जाता है।

ह0/-

प्रबंध निदेशक,
बुडको।

ज्ञापांक–.......1057........../ दिनांक–........................

1. प्रतिलिपि : मुख्य अभियंता, जलापूर्ति, ड्रेनेज एवं सीवरेज, दक्षिण बिहार उपभाग, पटना/श्री रत्नेश कुमार रमण, अधीक्षण अभियंता, नगर विकास अंचल, पटना प्रमंडल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
2. प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, नगर विकास अंचल, भागलपुर एवं अधीक्षण अभियंता, नगर विकास अंचल, मगध (गया) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Building Better Tomorrow
# बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना
( बिहार सरकार का एक उपक्रम )
राजापुर पुल, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना– ८00001

3. प्रतिलिपि : कार्यपालक अभियंता (असैनिक), नगर विकास प्रमंडल–1, भागलपुर (नगर निगम क्षेत्र) एवं कार्यपालक अभियंता (असैनिक), नगर विकास प्रमंडल–1, गया (नगर निगम क्षेत्र) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. प्रतिलिपि : महाप्रबंधक (वित्त) / कंपनी सचिव / प्रबंधक (विधि) / प्रबंधक (सूचना तकनीकी) / भण्डार शाखा एवं लेखा शाखा, बुडको को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. प्रतिलिपि : श्री अभय कुमार पाण्डेय, सहायक अभियंता (असैनिक), श्री मधुकान्त कुमार, कार्यालय कार्यपालक तथा श्री नीरज कुमार, आई0टी0 व्यॉय, बुडको को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
6. प्रतिलिपि : प्रबंध निदेशक कोषांग, बुडको को सूचनार्थ प्रेषित।

06/4/22

प्रबंध निदेशक,
बुडको।